## एक नजर में

### प्रो .सुरेन्द्र भारती की नवीन कृति का सिद्धवरकूट में विमोचन



**बुरहानपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन विद्वत्परिषद् के उपाध्यक्ष एवं हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेन्द्र जैन भारती के द्वारा रचित एवं विद्यारत्न डॉण्नरेन्द्र कुमार जैन भारती के द्वारा संपादित श्री रिद्धि सिद्धि मंगल विधान कृति का विमोचन सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र सिद्धवरकूट में रविवार को क्षेत्र के मूलनायक तीर्थंकर श्री संभवनाथ भगवान के समक्ष डॉ.नरेन्द्र जैन भारती एवं डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती की उपस्थिति में श्री प्रियम् जैन, श्री सतीश जैन, श्री शुभम् जैन, श्रीमती संध्या जैन, श्रीमती प्रिया जैन शौर्यम् जैन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गयाण्विमोचित कृति का प्रथम पुष्प तीर्थंकर श्री संभवनाथ भगवान के समक्ष इस भाव से रखी गई कि यह कृति अनुष्ठान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करेगी। विशेष बात यह है कि जैन परंपरा के अनुसार नव देवताओं की अर्चना, 10 धर्म की पूजा, सप्त परम स्थान प्राप्ति के लिए अनुष्ठान, विवाह, वास्तु शांति एवं अन्य मांगलिक प्रसंगों के समय की जाने वाली पूजा विधान के लिए यह पुस्तक विशेष रूप से डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती ने रची है। इस अवसर पर कृति के संपादक डॉण्नरेन्द्र जैन भारती ने कहा कि इस कृति में 72 अर्घ्यों के माध्यम से इष्ट की अर्चना सरल और सहज हो गई हैण्यह कृति नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। ऐसा मेरा विश्वास है। संचालन वीनस जैन ने किया।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक में दिशा निर्देश जारी




**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा.निर्देशानुसार दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सचिव/व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड प्रेमदीप सांकला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अनुपमा मुजाल्दे की उपस्थिति में नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समन्वय/सहयोग/नोटिस/वारंट तामीली आदि विषय में जिला बुरहानपुर के समस्त पुलिस थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग आयोजित की गई। उक्त मीटिंग में सचिव/न्यायाधीश प्रेमदीप सांकला द्वारा पुलिस विभाग के थाना प्रभारियों/नोडल अधिकारियों से तामीली एवं अदमतामीली की जानकारी प्राप्त की गई एवं नोटिस/वारंट तामीली/लोक अदालत के दिन सुचारू व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही लीगल डिफेंस काउंसिल स्कीम के अंतर्गत पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान यदि आरोपी की ओर से अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हो तो डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण को सूचित किये जाने की जानकारी दी गई, जिससे आरोपी की ओर से पैरवी हेतु डिफेंस काउंसिल से अधिवक्ता उपलब्ध हो सकेंगे।

### रोजगार मेला में 216 युवाओं का हुआ चयन



**बुरहानपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नेपानगर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। विदित है कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालयए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा आईटीआई बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। आयोजित मेला में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अपनी.अपनी आवश्यकताओं के अनुसार रिक्त पदों हेतु निजी क्षेत्र में भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई। मेला में स्वरोजगार के ईच्छुक युवाओं को शासकीय विभागों द्वारा स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा रोजगार के विभिन्न अवसरों से अवगत कराया गया। रोजगार मेला में 330 से अधिक युवाओं ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन कराया। मेला में 6 कंपनियों ने सहभागिता करते हुए करीबन 216 युवाओं का प्रारंभिक स्तर पर चयन किया जिन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। साथ ही युवा संगम कार्यक्रम में मंच से स्वरोजगार योजनांतर्गत प्रकरणों के स्वीकृति पत्र भी जारी किए गए। इसके अतिरिक्त मेला में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी भी युवाओं को दी गई।

### इच्छापुर के गरीब किसान के बेटे का रेलवे में हुआ चयन, गांव का नाम किया रोशन



**इच्छापुर।** जब इच्छा शक्ति प्रबल हो साथ ही कुछ कर गुजरने की का जज्बा हो तो मंजिल पाई जा सकती है ऐसा ही एक कारनामा बुरहानपुर जिले के ग्राम इच्छापुर के युवक ने कर दिखाया है जिसने अपनी मेहनत और लगन के साथ ग्रामीण क्षेत्र में रहकर दिन.रात पढ़ाई कर रेलवे में लोको पायलट के पद पर चयन हुआ है जिसने ग्राम इच्छापुर के साथ.साथ बुरहानपुर जिले का नाम रोशन किया है स यह कहानी ग्राम इच्छापुर में रहने एक गरीब किसान के पुत्र निलेश पिता लक्ष्मण चौधरी की है जिसने अपनी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा ग्राम में ही शासकीय स्कूल में संपन्न की और दिन रात मेहनत कर रेलवे की होने वाली कंपटीशन एग्जाम में भाग लिया जिसमें उनका सेंट्रल रेलवे भुसावल डिवीजन में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर चयन हुआ है। निलेश चौधरी ने बताया कि एएलपी 01/2024 आरआरबी रेलवे के मध्य रेलवे भुसावल डिवीजन में चयन हुआ है जहां उनकी ट्रेनिंग फरवरी माह से शुरू होगी, यह एग्जाम पांच स्टेज में संपन्न होती है पहले डीबीटी 1 और कबत 2 ऐसे दो पेपर अलग.अलग होते हैं उसके बाद फिजिकल टेस्ट होता है साथ ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होता है मेडिकल भी होता है उसके बाद फाइनल मेरिट लिस्ट आती है जिसमें सिलेक्शन होने पर ट्रेनिंग पर भेज दिया जाता है हालांकि यह एग्जाम काफी कठिन होती है जिसे कई प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है लगभग इस कार्य को 2 साल तक समय लग जाता है इसमें मुख्य रूप से सबसे कठिन मेडिकल फिटनेस टेस्ट होता है जिसमें आंखों में ऊपर फोकस किया जाता है किस तरह का चश्मा या आंखों का कोई ऑपरेशन या कोई बीमारी नहीं चलती है स निलेश ने बताया कि वह अभी वर्तमान में एक प्राइवेट स्कूल में पढाते हैं उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय भगवान के साथ.साथ माता.पिता और गुरुजनों को दिया है इस नियुक्ति पर ग्राम इच्छापुर में हर्ष का माहौल है उसमें ग्राम के सरपच प्रतिनिधि लक्ष्मण पवार, रघुनाथ चौधरी, डॉक्टर अरुण भोलंकर, पंडित अंकुश देव, विनोद, युवराज पवार ने बधाई प्रेषित की है।

# सिविल सर्जन डॉ .मोजेस को नर्मदापुरम रिश्वत मामले में लोकायुक्त द्वारा निलंबित करने का अनुरोध

**लोकायुक्त ने सरकार को लिखा पत्र। लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा था। मामला नर्मदापुरम में पूर्व पदस्थापन के दौरान रिश्वत लेने से जुड़ा है**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.प्रदीप मोजेस के खिलाफ राज्य सरकार ने 15 दिसंबर को न्यायालय में अभियोजन चलाने की स्वीकृति दी थी और अब इसी रिश्वतखोरी के मामले में लोकायुक्त कार्यालय ने मध्य प्रदेश सरकार से उन्हें निलंबित करने का अनुरोध किया है। मामला नर्मदापुरम में पूर्व पदस्थापन के दौरान रिश्वत लेने से जुड़ा है और फिलहाल निलंबन पर निर्णय लंबित है।

मध्य प्रदेश सरकार ने डॉ. प्रदीप मोजेस के खिलाफएक महीने पहले अभियोजन चलाने की स्वीकृति जारी की थी। यह आदेश बाद में सामने आया। डॉ.मोजेस पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7, 12, 13.1 बीए 13.2 ;संशोधन 2018 और धारा 120 बी भादंवि के तहत अभियोजन की अनुमति दी गई है।

30 जनवरी को एसपी विशेष पुलिस स्थापनाए लोकायुक्त कार्यालय भोपाल ने प्रमुख सचिवए मध्य प्रदेश सरकारए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागए मंत्रालय भोपाल को पत्र भेजा। इसमें डॉण् प्रदीप मोजेस और नर्मदापुरम की एक तत्कालीन महिला संविदा लेखापाल के निलंबन की अनुशंसा की गई है। यह पत्र अब सार्वजनिक हुआ है।


नर्मदापुरम पदस्थापन के दौरान रिश्वत का मामला:पूरा मामला रिश्वतखोरी से जुड़ा है। डॉ. प्रदीप मोजेस और एक महिला संविदा लेखा प्रबंधक ने सीएमएचओ कार्यालय नर्मदापुरम में पदस्थ रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया था। दोनों ने सहायक ग्रेड.3 मदनमोहन वर्मा से बिल भुगतान के बदले रिश्वत की मांग की थी। यह घटना 29 अप्रैल 2022 की है।

2 मई 2022 को डॉ.प्रदीप मोजेस ने 2 हजार रुपए और महिला लेखा प्रबंधक ने 3 हजार रुपए रिश्वत के रूप में लिए थे। इसी दौरान लोकायुक्त टीम ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया था।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति की 10 नवंबर 2025 को हुई बैठक में इस प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति की अनुशंसा की गई थी। लोकायुक्त ने अपने पत्र में मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9.1 बी का हवाला दिया हैए जिसके अनुसार शासकीय सेवक के विरुद्ध अपराध में चालान प्रस्तुत होने पर संबंधित कर्मचारी को निलंबित किया जाना अनिवार्य है।

## निगम द्वारा वार्डो में पाइप लाइन लीकेज वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य किया





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में पाइप लाइन का सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि आम जनता को स्वच्छ पानी सुचारु रूप से मिल सके। आज भी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन वाल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण का कार्य किया गया जैसे नाथवाडा में पाइप लाइन वॉल्व ब्लॉकेज रिपेयरिंग किया एजाकिर हुसैन वार्ड में पाइपलाइन ठीक कियाएशाह बाजार आरामशीन के पीछे पाइप लाइन लिकेज रिपेयर कार्य जारी। जयस्तंभ चौराहे के पास पाइप लाइन लिकेज सुधार कार्य दुरुस्तीकरण कार्य किया गया। प्रतापपुर वार्ड लोहार मंडी वार्ड लालबाग सिंधीपुरा वार्ड में पाइपलाइन रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य लगातार चल रहा है।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि एस एच जी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घर.घर जाकर पानी की वॉटर टेस्टिंग की जा रही है। महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने बताया कि हमारे सर्वोच्च प्रथम प्राथमिकता यह है कि शहर की जनता को स्वच्छ पानी मिले यही हमारी नगर की टीम लगातार वार्डो में जाकर कार्य कर रहे हैं।

वार्डो में पाईप लाईन सुधार कार्य रिपेयरिंग का कार्य प्रारंभ है पहली प्राथमिकता है कि शहर के नागरिकों को शुद्ध और साफ जल की आपूर्ति करने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। निगम का दावा है कि अब तक वार्डो में कई लीकेज सुधार हुए है और पानी के सैम्पल की जांच करवाई गई है। जल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वार्ड स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

जल समस्या से कोई भी शिकायत के निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है 9630028148, 07325-255019 पर आप अपने शिकायत दर्ज करा सकते हो निराकरण करने के लिए नगर निगम की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड़ पर है इस अवसर पर सहायक यंत्री अशोक पाटिल उपयंत्री सुनील चौहान सौरव वर्मा संतोष सुखदाने नितिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## तेरापंथ महिला मंडल द्वारा पैप स्मियर शिविर



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बुरहानपुर एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर में दिनांक 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर की नि:शुल्क जांच के रूप में पैप स्मियर शिविर रखा गया। जिसमें लगभग 50 महिलाओं ने शिविर का लाभ उठाया ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिश गुप्ता एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ.हर्षदा भंगाले ने सर्वाइकल कैंसर, इसकी जांच, बचाव एवं उपचार की जानकारी भी दी। शिविर के प्रारंभ में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल की को.फाउंडर श्रीमती मंजू चौकसे जी ने अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एवं ऑल इज़ वेल टीम की इस शिविर के आयोजन के लिए सराहना भी की गई।0 । ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन मेंए शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## सेवासदन के छात्र रौनक पाटिल का एनएसएस के राष्ट्रीय केम्प में चयन



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय बुरहानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के छात्र रौनक बाडू पाटिल का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले कैम्प के लिए चयन हुआ है यह कैंप भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय तिरुअनंतपुरम के माध्यम से दिनांक 17 से 22 फरवरी 2026 को महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी कोट्टायम अंतर्गत मेरीयन कॉलेज, कुट्टीकनम, केरल में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर प्रतिनिधित्व में आयोजित होना है जिसमें मध्यप्रदेश राज्य से 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सेवासदन महाविद्यालय के छात्र रौनक पाटिल की इस उपलब्धि पर सेवासदन शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेंद्रसिंह ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला जी मैनेजर श्री मनीष पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य एस.एम.शकील एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश काले तथा प्रोफेसर रूपाली पालीवाल ने छात्र का उत्साहवर्धन कर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वरिष्ठजनों के लिए डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वरिष्ठजनों के लिए डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत सभाकक्ष बुरहानपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के पेंशनर्स एसोसिएशन, विद्युत मंडल पेंशनर्स संघ व अखिल भारतीय रिटायर्ड रेल्वे पेंशनर्स संघ लालबाग के प्रतिनिधि व पेंशनर्स संघ से जुड़े वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों को सुरक्षित और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, उन्हें डिजिटल उपकरणों, ऑनलाइन सेवाओं और बैंकिंग सुविधाओं के सुरक्षित उपयोग के बारे में व्यवहारिक जानकारी देना है, ताकि वर्तमान समय में बढ़ते डिजिटल लेन.देन और ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं के प्रति जागरूक हो सके। उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री दुबे ने जानकारी देते हुए बताया किए कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षाए यूपीआईए एटीएमए नेट बैंकिंगए मोबाइल बैंकिंग तथा सरकारी डिजिटल सेवाओं के उपयोग संबंधी जानकारी दी गयी। वहीं फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, लिंक फ्रॉड जैसी साइबर ठगी से बचाव हेतु तत्काल समय पर साइबर सेल, संबंधित बैंक प्रमुख को सूचना दी जायें, ताकि समय रहते उचित कार्यवाही हो सके। इसी कड़ी में कार्यक्रम में आये वरिष्ठ नागरिकों के प्रश्न व जिज्ञासाओं का निराकरण भी विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

## प्राथमिक शाला बड़ीखेड़ा में किया योगाभ्यास



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने हेतु शालाओं में योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में हेल्थ वेलनेस सेंटर पलासुर द्वारा ग्राम बड़ीखेड़ा स्थित प्राथमिक शाला में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र.छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया तथा उन्हें योग के महत्व और दैनिक जीवन में इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. कविता गढ़वाल ने बताया किए आयोजित शिविर में बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग करने एवं शारीरिक.मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा सरल योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। जिन्हें बच्चों ने उत्साहपूर्वक किया।

## शैव गुरव समाज जिला बुरहानपुर द्वारा आज 17 बटुकों का सामूहिक व्रतबंध समारंभ

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शैव गुरव समाज जिला बुरहानपुर द्वारा सामुहिक व्रतबंध समारंभ का आयोजन श्री काशीबा महाराज की कृपा से दिनांक 06/02/2026 शुक्रवार को समय 11.47 मिनिट स्थान श्री कालिका पद्मावती मंदीर बड़े बालाजी के पास, महाजनापेठ, बुरहानपुर पर किया गया है। सामुहिक व्रतबंध उपाध्याय ाी संदीप भाले महाराज रहेगें।

शैव गुरव समाज, जिला बुरहानपुर के अध्यक्ष राम मुरलीधर गुरुजी ने देते हुवें बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथी श्री ज्ञानेश्वर पाटील जी सांसद, खंडवा लोकसभा क्षेत्र , श्रीमती अर्चना चिटनीस प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक बुरहानपुर, मंजूश्री राजेन्द्र दादू विधायक नेपानगर, श्रीमती माधुरी अतुल पटेल महापौर, ,ठाकुर सुरेन्द्रसिंह शेरा भैय्या पूर्व विधायक बुरहानपुर होगें। अतिथी के रूप में डॉ.मनोज माने अध्यक्ष भाजपा जिला बुरहानपुर, अतुल पटेल जी पूर्व महापौर ,अनिल भौंसले पूर्व महापौर, चिंतामन महाजन जिला महामंत्री भाजपा . बुरहानपुर, श्रीमती अनिता अमर यादव नगर निगम अध्यक्ष, मनोज लधवे पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा , दिलीप भाई श्रॉफ पूर्व जिला अध्यक्ष, गजेन्द्र महाजन जनपद जिला उपाध्यक्ष बुरहानपुर ,गजेन्द्र पाटील युवा नेता भाजपा, अमित मिश्रा युवा नेता भाजपा, अजय रघुवंशी पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस, गौरी दिनेश शर्मा पूर्व निगम अध्यक्ष, हर्षवर्धनसिंह चौहान युवा नेता, श्रीमती गौरी राकेश खत्री पार्षद तिलक वार्ड, राजू भाई जोशी समाजसेवी, मनोज तारवाला पूर्व निगम अध्यक्ष, काशीनाथ महाजन बुरहानपुर रहेगें। 17 बटुकों का चिरंजीव सहभागी उपनयन संस्कार होगा। जिनमें बुरहानपुर से चि.संस्कार मुकेश शिंदे चि.समर्थ प्रशांत चौधरी , चि.आरव प्रशांत चौधरी , चि.सार्थक गणेश शिंदे , चि.दक्ष उमेश शेंगले , चि.देवांश उमेश शेंगले , चि. अर्चित भूषण पंडित , चि.चिरायु भूषण भिडे , चि.देवांश भूषण भिडे , चि.प्रसन्न संजय खैरनार नाशिक , चि.वेदांत मनोजराव धुमाल शनिसिंगनापुर, चि. अरविंद मंगल ओंगले विवरेखुर्द, चि.हेमंत मंगल ओंगले विवरेखुर्द ,चि.जयेश रमेश गुरव फैजपुर, चि.लोकेश सुरेश गुरव फैजपुर ,चि.जय सुरेश गुरव फैजपुर ,चि. सोहम राजेन्द्र कांबले शाहपुर , चि. प्रसाद गजानन झाडेकर मंडाखेड़ तह. जामोद जि.जलगांव ,चि.गणेश जितेन्द्र शिंदे बुरहानपुर प्रमुख है। शैव गुरव समाज के राम मुरलीधर गुरुजी , विजय राजाराम शिंदे , प्रशांत चौधरी ,भूषण पंडित, संदीप काळे , मुकेश शिंदे , रविन्द्र शिंदे , नंदकिशोर चौधरी ,गणेश देवीदास गुरख वैभव मालवणकर ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपिल की है।

**एक नजर** — **पीएमएफएमई योजना : प्रदेश के युवा उद्यम स्थापित कर बना रहे है अपनी पहचान .....**

# सरकारी योजना,तकनीकी मार्गदर्शन एवं ईच्छाशक्ति युवाओं के सपने साकार करने में सहायक



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई प्रदेश के युवाओं एवं किसानों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में स्वरोजगार से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में इस योजना का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शासन द्वारा विभागीय मार्गदर्शनए तकनीकी सहायता एवं वित्तीय सहयोग के माध्यम से युवाओं को उद्यम स्थापना हेतु प्रेरित किया जा रहा हैए जिससे वे स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकें।

**यूनिट स्थापना से मिली नई पहचान:-** बुरहानपुर जिले के युवा उद्यमी अभिषेक जयसवाल एक शिक्षित युवा हैंए जिन्होंने एग्रीकल्चर बीएससी तथा एग्रीकल्चर मैनेजमेंट में एमबीए की पढ़ाई की है। शुरू से ही कृषि से जुड़े परिवार से होने के कारण अभिषेक की कृषि से संबंधित कार्य को आगे बढ़ाने में रूचि थी। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना द्वारा अभिषेक ने डिहाइड्रेट यूनिट की स्थापना की और मात्र 4 माह के भीतर ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

**पीएमएफएमई योजना से मिला संबल:-** अभिषेक जयसवाल बताते हैं कि उद्यानिकी विभाग के माध्यम से उन्हें पीएमएफएमई योजना की जानकारी प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने उद्यम की शुरुआत करने का निर्णय लिया। योजना अंतर्गत उन्होंने बैंक से प्राप्त सहायता राशि के माध्यम से माह अक्टूबर 2025 में डिहाइड्रेट यूनिट की स्थापना की। इस यूनिट में मुख्य रूप से प्याजए केला के डिहाइड्रेट उत्पादों को तैयार करते है।

**क्या है डिहाइड्रेट यूनिट:-** डिहाइड्रेशन यूनिट एक ऐसी प्रसंस्करण इकाई है, जिसमें फल एवं सब्जियों जैसे प्याज, केलाए, हल्दी तथा पत्तेदार सब्जियों से कम तापमान पर नमी हटाकर उन्हें सुखाया जाता है। यह प्रक्रिया जल्दी खराब होने वाली खाद्य सामग्री को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है और उन्हें फ्लेक्स, चिप्स अथवा पाउडर के रूप में उपयोग योग्य बनाती है।

डिहाइड्रेशन के कारण उत्पाद लम्बे समय तक सुरक्षित रहते हैं, जिससे भंडारण एवं परिवहन आसान और कम खर्चीला हो जाता है। सही तकनीक से सुखाने पर उत्पाद का रंग, स्वाद एवं पोषण तत्व काफी हद तक सुरक्षित रहते हैंए जिससे ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक खाद्य उत्पाद उपलब्ध होते हैं।

**प्रक्रिया:-** अभिषेक बताते हैं कि यूनिट में प्याज को डिहाइड्रेट करने के लिए पहले उसका छिलका हटाकर अच्छे से साफकर कटर मशीन से 1 एमएम स्लाइस बनाए जाते हैं। इन स्लाइसों को क्रेट में भरकर इलेक्ट्रॉनिक ड्रायर में निर्धारित तापमान पर लगभग 10 घंटे रखा जाता हैए जिससे डिहाइड्रेटेड उत्पाद तैयार होता है।

पाउडर बनाने के लिए स्लाइस को पल्वराइज़र मशीन में पीसकर पाउडर तैयार किया जाता है और वाइब्रो फिल्टर से छाना जाता है। वहीं केले को डिहाइड्रेट करने के लिए करीबन 60 डिग्री तापमान पर लगभग 8 घंटे तक ड्रायर में रखा जाता है। इसी प्रकार हल्दीए मैथी एवं अन्य उत्पादों के लिए भी लगभग समान प्रक्रिया अपनाई जाती है।

**रोजगार के अवसर भी हुए सृजित:-** यूनिट में वर्तमान में 5 से 6 लोगों को रोजगार मिल रहा है। इससे न केवल अभिषेक का व्यवसाय आगे बढ़ रहा हैए बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

**मांग और बिक्री से बढ़ रही आय:-** अभिषेक जयसवाल यूनिट में प्रतिमाह लगभग 5.6 क्विंटल उत्पादन की बिक्री कर लेते हैंए जिससे उन्हें लगभग 50 से 60 हजार रुपये शुद्ध आय प्रति माह का मुनाफा हो जाता है। अभिषेक बताते है किए उत्पादों की पैकेजिंग 30 एवं 50 किलो के पैकेट्स में की जाती है। इसके लिए पैकिंग बैग में सामग्री भरकर पैकेजिंग मशीन से सील कर ग्राहकों तक पहुँचाया जाता है। ग्राहकों द्वारा इन डिहाइड्रेट उत्पादों को पसंद किया जा रहा है। नियमित ग्राहक के साथ.साथ मांग अनुसार पैकेट्स भी तैयार किए जाते हैं।

**ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ने की तैयारी:-** वर्तमान में अभिषेक के उत्पादों की बिक्री बुरहानपुर जिले के साथ.साथ इंदौरए मुंबई सहित अन्य शहरों में भी हो रही है। आने वाले समय में वे अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी विक्रय करने की तैयारी कर रहे हैं।

**योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह:-** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से सही मार्गदर्शनए योजना का लाभ और ईच्छाशक्ति के बल पर युवा न केवल स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रहे हैंए बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर बना रहे है।